4. The Ministry of Panchayati Raj with cooperation from all the concerned Ministries has, developed the mechanism for measuring the progress of Panchayats in achieving the LSDGs along 9 individual themes as well as computing the composite progress as an aggregate of 9 themes. This can now be done using the mechanism of computing Panchayat Development Index (PDI) for measuring thematic progress and holistic development in rural areas. The PDI Report is available on the Ministry's Website at URL: https://panchayat.gov.in/pdi-committee-report-2023/.

5. PDI will assess the performance of Panchayats on measurable indicators of Local Indicator Framework (LIF) and help the Panchayat in evidence-based planning for outcome-oriented development goals at Panchayat & set their local targets in achieving the LSDGs.

contd...2/-

6. PDI will also play a significant role in monitoring the incremental progress through the scores achieved by the Panchayat and grade them based on their performance towards the achievement of LSDGs. PDI is the report card of progress of Panchayats and scales up the visibility of development at the grassroots.

7. Since, PDI is a data intensive work, quality data is the foundation for preparation of the Baseline Report and its computation. The entire computation exercise requires the collection and maintenance of data sets. Gram Panchayat and Field Offices/ Institutions of the line department maintain village-level data collected by the frontline workers of the line departments in different registers/formats. Thus, there is a heavy reliance on data from multiple sources due to the wide range of local indicators required to cover the LSDGs. Perhaps, the role of Line Ministries/Departments is of utmost importance in data sharing, and checking its accuracy and reliability.

8. The baseline report of the PDI will serve as a benchmark to support the Ministry/Department in monitoring and evaluating the progress made in achieving the concerned towards targets of the SDGs over successive years. The Baseline Report will also help the Panchayat to see the current status of local indicators of themes, map the progress and prepare local action to achieve local targets with support from line departments and other key stakeholders. Thus, PDI will pave the path for evidence-based local planning & preparation of comprehensive and inclusive Panchayat Development Plan (PDP) by converging different resources through structured institutional mechanisms involving all stakeholders.

9. Indeed, NIC MoPR has also developed a database management application and PDI Portal with URL: www.pdi.gov.in for capturing the data points related to health, education, and women development, agriculture, animal husbandry, accounts, land, SHG, rural housing, employment and infrastructure etc., from different sources of field offices of the line department on each indicator. The facilitator appointed by Block at the GP level will visit the field offices/institutions of the line departments and collect the necessary information on each data point in prescribed formats from the frontline officials of the key line departments which will then be entered into the PDI Portal for further validation and processing at the GP, Block, District and State level. Baseline Report of the PDI 2023-24 will be based on the data as of 31st March, 2023.

10. We believe that the active participation of the frontline workers & key officials of the line departments would be essential in preparation of the baseline report of PDI, which would help to develop a data eco system for reviewing & monitoring the progress of SDGs in rural area.

11. It would also be helpful if the States/UTs organise consultative write-shop/ workshops with participation from the nodal line departments at the earliest for creating enabling environment and developing structured mechanism& approaches for ease of data collection and validation process.

contd...3/-

12. Necessary directions may, therefore, be issued to the line departments and Department of Statistics to ensure participation and collaboration of their frontline workers and officials in State level write-shops/workshops, data collection and data validation for setting up an institutional framework to drive the 2030 Agenda and drilling the localisation of SDGs at the grassroots level. Department of Statistics and their team of trained officers may be assigned the task to ensure quality of data.

With best wishes,

Yours sincerely,

(Vini Mahajan)
Department of Drinking Water & Sanitation
Ministry of Jal Shakti

(Indevar Pandey)
Ministry of Women & Child Development

(Sunil Kumar)
Ministry of Panchayati Raj

(Sanjay Kumar)
Department of School Education & Literacy,
Ministry of Education

(Alka Upadhyay)
Department of Animal Husbandry & Dairying
Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying

(Sanjeev Chopra)
Department of Food & Public Distribution,
Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution

(Manoj Ahuja)
Department of Agriculture and Farmers Welfare
Ministry of Agriculture and Farmers Welfare

(Sudhansh Pant)
Department of Health & Family Welfare
Ministry of Health & Family Welfare

(Shailesh Kumar Singh)
Department of Rural Development
Ministry of Rural Development

To,

The Chief Secretaries,
All States/UTs

Copy to: Additional Chief Secretaries/ Principal Secretaries/Secretaries, All Related Departments, All States/ UTs

संलग्नक-3

संख्याः 2618/33-3-2015-10जीआई/2015

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांकः 29 सितम्बर, 2015

विषयः ग्राम पंचायतों के समग्र एवं समेकित विकास हेतु पंचवर्षीय एवं वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किये जाने हेतु मार्ग निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र सं0 11015/123/2015-पी0वी0, दिनांक 28 मई, 2015 एवं 30.07.2015 के द्वारा प्रदेश में ग्राम पंचायतों के समग्र विकास हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किए जाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये हैं। उक्त पत्रान्तर्गत पंचवर्षीय एवं वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किए जाने एवं 14 वें वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, एम0जी0एन0आर0ई0जी0एस0, स्वयं के संसाधनों इत्यादि का अभिसरण (कन्वर्जेन्स) कर ग्राम पंचायतों में संसाधनों की उपलब्धता बेहतर करने पर बल दिया गया है।

3192

उप निदेशक (पं0)(एस0)

जैसा कि आप अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 15 'क' में ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष पंचायत क्षेत्र के लिए एक विकास योजना तैयार करने का प्राविधान है।

निदेशक 29/9/15

विकेन्द्रीकृत व्यवस्था में सहभागी नियोजन द्वारा ग्राम पंचायत की क्षमताओं एवं संसाधनों का आकलन कर उनकी आवश्यकताओं के चिन्हीकरण एवं अनुरूप आवश्यकताओं हेतु उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाना वांछित है, जिससे कि ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से पंचायतों का सर्वांगीण विकास को लक्षित किया जा सके। सहभागी नियोजन से ग्राम पंचायत स्थानीय स्वशासन के रूप में न केवल विकसित होगा बल्कि विभिन्न स्रोतों/सेक्टर के अन्तर्गत प्राप्त अनुदानों का स्थानीय अभिप्रेरण एवं क्रियान्वयन कर नागरिकों में सुविधा उपलब्ध कराये जाने का साधन बन सकेगी।

उल्लेखनीय है कि 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य को वर्ष 2015-16 में रू. 3862.60 करोड़ की धनराशि विकास कार्यों के सम्पादन हेतु

Jaigovind Pandey

उपलब्ध करायी जा रही है, जिसे सीधे ग्राम पंचायतों के खाते में हस्तान्तरित की जानी है। 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों द्वारा ग्राम पंचायत में नियोजन एवं संसाधनों के अधिकतम उपयोग की अनुशंसा की गई है, ताकि मूलभूत सुविधाओं पर प्रभावी एवं सरल रूप से पहुँच बनाई जा सके। इसके अतिरिक्त 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार परफारमेन्स ग्रान्ट पाने के लिए अर्हता हेतु निर्धारित शर्तों के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को स्वयं की आय को प्रतिवर्ष बढ़ाया जाना एक अनिवार्य शर्त है, इसलिए पंचायतों को स्वयं की आय के स्रोतों को बढ़ाने के अन्य प्रभावी तरीके तलाशने होंगे।

उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम पंचायत के समग्र विकास हेतु निम्नलिखित रूप से ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जानी है।

1— ग्राम पंचायत विकास योजना की आवश्यकता—

वर्तमान में ग्राम पंचायतों द्वारा सहभागी नियोजन एवं विभिन्न योजनाओं का अभिसरण कर वार्षिक कार्ययोजना बनाये जाने पर बल नहीं दिया जा रहा है एवं न ही पंचवर्षीय योजना तैयार की जा रही है। सहयोगी विभागों द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों/योजनाओं के अन्तर्गत भौतिक वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति की जा रही है, अतः पंचायत स्तर पर परस्पर समन्वय के अभाव में पंचायतों के समग्र विकास की अवधारणा की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

पंचवर्षीय एवं वार्षिक योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों का न केवल विजन स्पष्ट होगा अपितु समय पर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप भी तैयार होगा जिससे पंचायतों का सार्वांगीण विकास हो सके। अतः यह आवश्यक हो गया है कि पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जाये, जोकि सहभागी नियोजन एवं विभिन्न संसाधनों के अभिसरण (convergence) पर आधारित हो।

2— ग्राम पंचायत विकास योजना के उद्देश्य—

1. ग्राम पंचायत का समग्र एवं समेकित विकास, जिसमें न केवल अवसंरचनात्मक विकास बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं वैयक्तिक विकास भी सम्मिलित है।
2. निर्णय लेने की प्रक्रिया का विकेन्द्रीकरण से वंचित समुदाय को निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना।
3. ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं प्राथमिकीकरण।
4. सहयोगी नियोजन एवं संसाधनों के अभिसरण को बढ़ावा दिया जाना।
5. ग्राम पंचायत विकास योजना में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों यथा—निर्धनों की आजीविका, निर्धनता एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रमुखता से सम्मिलित करते हुए

अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के कल्याण को प्राथमिकता दी जानी है।

3— योजना के महत्वपूर्ण घटक—

73 संविधान संशोधन के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 यथा संशोधित 1994 के अन्तर्गत उल्लिखित ग्राम पंचायतों को निम्न अभिभूत कार्यों/उत्तरदायित्वों में से निम्नलिखित कार्यों/उत्तरदायित्वों का प्रतिनिधान किया गया है :—

1. ग्रामीण पेयजल योजनाओं का परिचालन एवं रख-रखाव।
2. ग्रामीण उन्मूलन कार्यक्रम।
3. प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में मध्याह्न का भोजन
4. ग्रामीण किसान बाजारों एवं पशु हाटों का परिचालन तथा रख-रखाव।
5. ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम।
6. श्रेणी 'द' के पशु चिकित्सालयों का पर्यवेक्षण एवं अनुरक्षण।
7. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिये कल्याणकारी कार्यक्रम यथा पेंशन आदि हेतु लाभार्थियों का चयन।
8. पेयजल एवं नागरिक आपूर्ति—सार्वजनिक वितरण प्रणाली का पर्यवेक्षण।
9. पंचायत क्षेत्र में सृजित स्थायी परिसम्पत्तियों का रख-रखाव।
10. ग्रामीण पुस्तकालय।
11. ग्राम स्तर पर युवा कल्याण कार्यक्रम।
12. ग्रामीण आवास योजनायें—लाभार्थियों का चयन।
13. मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की निरीक्षण रिपोर्ट का प्रमुख एवं प्रधान द्वारा सत्यापन।
14. सिंचाई लाभार्थियों का चयन।
15. ग्रामीण भूमि सुधार योजना के अन्तर्गत सृजित परिसम्पत्तियों का रख-रखाव।

इन पंचायत विकास योजना के सम्बन्ध में यह व्यवस्था की जायेगी कि ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग सुनिश्चित करते हुए सुविधाओं का समुचित वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात ही अन्य कार्यों यथा पुस्तकालय की स्थापना, वृक्षारोपण, बाल विकास, सहकारी समितियों का अनुरक्षण तथा आपदा प्रबन्धन को सम्मिलित किया जायेगा। समस्त

Jaigovind Pandey

कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन से ग्रामीण क्षे. में जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार एवं अन्ततः मानव विकास सूचकांक भी बेह र हो सकेगा।

4— **ग्राम पंचायत विकास योजना हेतु संसाधनों का निर्धारण—**

ग्राम पंचायत विकास योजना में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त वित्तीय संसाधनों का उल्लेख निम्न प्रकार से रहेगा :-

(क) स्वयं के स्रोत / संसाधन (कर आदि)

(ख) केन्द्रीय अनुदान

(ग) राज्य अनुदान

(घ) स्वैच्छिक अनुदान

(ङ) केन्द्र एवं राज्य द्वारा संचालित योजनाएं।

ग्राम पंचायत द्वारा उपरोक्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को पंचायत घर या अन्य सामुदायिक भवनों इत्यादि पर दीवार लेखन के माध्यम से जन सामान्य को सूचना प्रदान करने हेतु प्रदर्शित किया जाएगा।

ग्राम पंचायत विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित केन्द्रीय तथा राज्य की योजना के वित्तीय एवं मानव संसाधन का अभिसरण किया जाएगा—

1. केन्द्रीय वित्त आयोग
2. राज्य वित्त आयोग
3. मनरेगा
4. स्वच्छ भारत मिशन(ग्रा0)
5. अत्येष्टि स्थलो का विकास
6. पंचायत भवनो का निर्माण
7. एन0आर0एल0एम0

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर सभी विभागों के कर्मचारी ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने में अपेक्षित योगदान देंगें एवं उपरोक्त के संदर्भ में सम्बन्धित विभाग द्वारा पृथक से शासनादेश निर्गत किया जाएगा।

5— **ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किये जाने की प्रक्रिया**

क) **जन उन्मुखीकरण—** योजना बनाये जाने के लिए जन सामान्य की भागीदारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है अतः विभिन्न आई.ई.सी0 गतिविधियों एवं सूचना प्रसारण माध्यमों से उपयुक्त वातावरण का निर्माण एवं जन उन्मुखीकरण के माध्यम से जन सहभागिता किया जाना अत्यंत आवश्यक होगा।

Jaigovind Pandey

ख) संवेदीकरण एवं क्षमता संवर्धन— सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिनकी योजना बनाये जाने में भूमिका होगी, को पंचायती राज विभाग द्वारा संवेदीकरण एवं क्षमता संवर्धन किया जायेगा।

ग) प्रारम्भ में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन— प्रारम्भिक स्थिति में ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत विकास योजना बनाये जाने की आवश्यकता, ग्राम पंचायत के पास संसाधन की उपलब्धता एवं पारिस्थितिक विश्लेषण इत्यादि के संबंध में ग्राम सभा को बताया जाना होगा।

घ) पारिस्थितिक विश्लेषण— पारिस्थितिक विश्लेषण के लिए ग्राम पंचायत स्तर के सहयोगी आंकड़े के साथ-साथ प्रारम्भिक आंकड़ों को विभिन्न माध्यमों से जैसे पी0आर0ए0 टूल्स, सर्वे इत्यादि से आंकड़े एकत्रित कर पारिस्थितिक विश्लेषण किया जाना होगा। पारिस्थितिक विश्लेषण की ड्राफ्ट रिपोर्ट ग्राम पंचायत के समक्ष विमर्श/चर्चा के लिए रखी जायेगी साथ ही साथ यह रिपोर्ट स्वयं सहायता समूहों, विशेषज्ञों इत्यादि को भी सलाह हेतु उपलब्ध कराई जा सकती है इसके उपरान्त पारिस्थितिक विश्लेषण रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जायेगा।

ङ) कार्यों का प्राथमिकीकरण एवं परियोजना प्रस्ताव तैयार किया जाना— पारिस्थितिक विश्लेषण रिपोर्ट को ग्राम सभा में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जायेगा साथ ही साथ ग्राम सभा की बैठक में जन सामान्य की आवश्यकताओं एवं कार्यों का चिन्हीकरण किया जायेगा। ग्राम सभा को पंचायत के पास उपलब्ध संसाधनों की भी जानकारी दी जायेगी इसके उपरान्त जन सामान्य की आवश्कताओं, पंचायत के पास उपलब्ध संसाधन तथा पारिस्थितिक विश्लेषण को ध्यान में रखते हुए ग्राम सभा में आवश्यकताओं एवं कार्यों का प्राथमिकीकरण किया जायेगा।

कार्यों का प्राथमिकीकरण के उपरान्त ग्राम पंचायत तकनीकी ग्रुप एवं क्षेत्र पंचायत तकनीकी ग्रुप की सहायता से कार्यों का परियोजना प्रस्ताव तैयार किया जायेगा।

च) ग्राम पंचायत विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाना— परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के उपरान्त ग्राम पंचायत की नियोजन एवं विकास समिति द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना का ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। ग्राम पंचायत विकास योजना के ड्राफ्ट को ग्राम सभा के समक्ष खुली बैठक में चर्चा एवं अनुमोदन/स्वीकृति के लिए रखा जायेगा। ग्राम पंचायतें पंचवर्षीय ग्राम पंचायत विकास योजना को ध्यान में रखते हुए अपनी वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करेगी।

छ) ग्राम पंचायत द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करना– ग्राम सभा द्वारा स्वीकृत ग्राम पंचायत विकास योजना को ग्राम पंचायत के समक्ष प्रशासनिक स्वीकृति के लिए रखा जायेगा।

6) ग्राम पंचायत विकास योजना हेतु जनपद स्तर पर जिला स्तरीय कियान्वयन एवं समन्वयन समिति–

ग्राम पंचायत विकास योजना नियोजन एवं कियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वयन समिति होगी, जोकि ग्राम पंचायत विकास योजना के क्रियान्वयन के अनुश्रवण की कार्यकारी समिति होगी। समिति की प्रत्येक तिमास में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। समिति में निम्न सदस्य होंगे

1	जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2.	मुख्य विकास अधिकारी	उपाध्यक्ष
3.	मुख्य चिकित्साधिकारी	सदस्य
4.	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य
5.	जिला माध्यमिक शिक्षा अधिकारी	सदस्य
6.	परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण	सदस्य
7	जिला विकलांग कल्याण अधिकारी	सदस्य
8.	जिला अल्पसंख्यक अधिकारी	सदस्य
9.	जिला विकास अधिकारी	सदस्य
10.	जिला समाज कल्याण अधिकारी	सदस्य
11.	अपर मुख्य अधिकारी	सदस्य
12.	अधिशासी अभियन्ता, जल निगम	सदस्य
13.	अधिशासी अभियन्ता, विद्युत	सदस्य
14.	अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई	सदस्य
15.	अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा	सदस्य
16.	उपनिदेशक, कृषि प्रसार	सदस्य
17.	जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी	सदस्य
18.	मुख्य पशु चिकित्साधिकारी	सदस्य
19	जिला पंचायत राज अधिकारी	सदस्य

/ सचिव

Jaigovind Pandey

20. डी0पी0आर0ओ0/जिलाधिकारी द्वारा दो नामित प्रधान एवं एक ब्लॉक प्रमुख सदस्य

7) ग्राम पंचायत रिसोर्स ग्रुप-क्लस्टर स्तर पर

प्रदेश में ग्राम पंचायतों की संख्या की तुलना में पंचायत सचिवों एवं अन्य कर्मियों की उपलब्धता में काफी अन्तर होने के कारण 10-10 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर तैयार किया जायेगा, प्रत्येक क्लस्टर का एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जायेगा, जिसकी देखरेख में क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जायेगी।

8) परियोजना की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति

ग्राम पंचायत विकास योजना के अन्तर्गत लिए गये परियोजना/कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति, मार्गनिर्देशिका में अध्याय-7 'तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति' में दिये गये निर्देशों के अनुसार ली जायेगी।

9) योजना बनाये जाने की प्रक्रिया एवं योजना मे लिए गए कार्यों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

त्रैमासिक एवं वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना को प्लान प्लस सॉफ्टवेयर (www.planningonline.gov.in) में अपलोड किया जायेगा तथा एक्शन सॉफ्ट सॉफ्टवेयर (www.reportingonline.gov.in) के माध्यम से प्रत्येक ग्राम कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को अपलोड किया जाना होगा।

योजना बनाये जाने की प्रक्रिया का 10 प्रतिशत निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी द्वारा 03 माह में, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 10 प्रतिशत, मण्डलीय उप निदेशक पंचायत द्वारा 05 प्रतिशत, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 02 प्रतिशत तथा सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत के भ्रमण के समय ग्राम पंचायत विकास योजना का निरीक्षण किया जायेगा।

10) वित्तीय संसाधन

ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने हेतु ग्राम पंचायतों को परिस्थिति की विश्लेषण, कार्यशाला, क्षमता संवर्धन इत्यादि कार्य किया जाना होगा अतः इस हेतु वांछित धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार से धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ग्राम पंचायतों को दिया जायेगा। 14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक मद में भी धनराशि का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार किये जाने में सहायता होगी। इस धनराशि के व्यय के संबन्ध में पंचायती राज विभाग अलग से निर्देश जारी करेगा।

Jaigovind Pandey

कृपया दीर्घ कालिक विकास को ध्यान में रखते हुए पंचवर्षीय एवं वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना को तैयार करने हेतु उपरोक्त दिशानिर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः ग्राम पंचायत विकास योजना की मार्ग निर्देशिका

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

संख्या– /33–3/2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु

1. श्री एस0एन0विजयानंद, सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
5. प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
7. प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0शासन।
10. प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, उ0प्र0।
11. प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ0प्र0 शासन।
12. महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ।
13. समस्त मंडलायुक्त, उ0प्र0।
14. निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
15. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
16. समस्त मंडलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0।
17. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0।
18. प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 शासन।
19. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
20. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव,

Jaigovind Pandey

8/2110/384/2016

15/03/2016

संख्या: 625/–33–3–2016–10 जी.आई./2015

संलग्नक: 4

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
पंचायती राज, उ0प्र0।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिला पंचायती राज अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 09 मार्च, 2016

विषय: ग्राम पंचायत विकास योजना में विकास खण्ड स्तर पर क्रियान्वयन संबंधी निर्देशों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शा0 सं0 3215/33–3–2015–10 जी.आई./2015, लखनऊ, दिनांक 11 दिसम्बर 2015 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से उ0प्र0 में ग्राम पंचायत विकास योजना के संचालन हेतु क्रियात्मक निर्देश जारी किये गए हैं।

इसी क्रम में दिनांक 26.02.2016 को श्री एस0एम0 विजयानन्द, सचिव, भारत सरकार, पंचायतीराज मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को भी संज्ञान में लेने का कष्ट करें जिसके द्वारा प्रदेश के 75 जिलों से ग्राम पंचायत विकास योजना(जी0पी0डी0पी0) के क्रियान्वयन की प्रगति समीक्षा की गई थी। जिसमें कतिपय जनपदों द्वारा विकास खण्ड स्तर पर योजना के क्रियान्वयन हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश की अपेक्षा की गई है।

ग्राम पंचायत विकास योजना के क्रियान्वयन में उपरोक्त से निर्गत शा0 से जनपद स्तर पर 'जिलास्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति' के गठन एवं कार्यों के सम्बंध में आदेश जारी किए गए हैं (पृष्ठ 1, संलग्नक 1)। इस सम्बन्ध में विकास खण्ड स्तर पर योजना के क्रियान्वयन हेतु मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि

1. विकास खण्ड स्तर पर योजना के नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.) की अध्यक्षता में 'विकास खण्ड स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति' होगी, जोकि विकास खण्ड में ग्राम पंचायत विकास योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण की कार्यकारी समिति होगी। (विकास खण्ड स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति के कार्य संलग्नक 1–क पर वर्णित हैं।) समिति की बैठक का आयोजन प्रत्येक माह किया जाएगा एवं समिति में निम्न सदस्य होंगे:

1	खण्ड विकास अधिकारी	अध्यक्ष
2	चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य	सदस्य
3	चिकित्साधिकारी, पशुपालन विभाग	सदस्य
4	बाल विकास परियोजना अधिकारी, आई.सी.डी.एस.	सदस्य
5	खण्ड शिक्षा अधिकारी	सदस्य
6	अवर अभियंता, एम0आई0	सदस्य
7	अवर अभियंता, आर0ई0डी0	सदस्य
8	अवर अभियंता, जलनिगम	सदस्य

4961

उप निदेशक (पं0)

(........ सिंह)
उपनिदेशक (........)
पंचायती ....

10. सहायक विकास अधिकारी (ए०जी०)	सदस्य
11. सहायक विकास अधिकारी (कोऑपरेटिव)	सदस्य
12. सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण)	सदस्य
13. सहायक विकास अधिकारी (आई०एस०बी०)	सदस्य
14. सहायक विकास अधिकारी (महिला)	सदस्य
15. ब्लॉक ऑरगेनाइजर, पी०आर०डी०	सदस्य
16. ए०पी०ओ० एम०जी०नरेगा	सदस्य
17. खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित ग्राम प्रधान	सदस्य

2. उक्त शासनादेश के पृष्ठ संख्या 2 पर अंकित गतिविधि संख्या-2 में 10 ग्राम पंचायतों पर 1 कलस्टर का निर्माण एवं योजना निर्माण के क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु चार्ज ऑफिसर का चयन में न्याय पंचायत की विद्यमान व्यवस्था को उपयोगी एवं उपयुक्त मानते हुए कलस्टर के गठन में न्याय पंचायत को सम्मिलित किया जाता है अर्थात् कलस्टर स्तर पर न्याय पंचायत को ही कलस्टर मानते हुए उस पर विकास खण्ड स्तरीय विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को चार्ज ऑफिसर नियुक्त किया जाएगा। उक्त सम्बन्ध में खण्ड स्तर पर अधिकारियों की उपलब्धता को देखते हुए चार्ज ऑफिसर को नामित करने के लिए समिति स्वतंत्र होगी।

इस प्रकार से उक्त निर्गत सम्बन्धित आदेशों के अनुरूप जनपद, ग्राम पंचायत विकास योजना का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

पंचायती राज अनुभाग-3 625/1/2016 तद् दिनांक।
प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 श्री एस०एम०विजयानंद, सचिव, भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।
2 कृषि उत्पादन आयुक्त, उ०प्र० शासन।
3.प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ०प्र० शासन
4.प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र०शासन।
5.प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ०प्र०शासन।
6 प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन।
7.प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ०प्र० शासन
8.प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ०प्र० शासन।
9.प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ०प्र० शासन।
10.प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, उ०प्र०।
11.प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ०प्र० शासन

12. प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 शासन।

13. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

14. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

15. महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ।

16. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0।

17. निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।

18. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

19. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

20. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0।

21. समस्त जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0।

22. समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0), उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव।

संलग्नक–1 क

विकासखण्ड स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति के कार्य

1. विकासखण्ड में ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण से सम्बंधित शासकीय आदेशों/प्रस्तावों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित कराना।

2. ब्लाक स्तर पर अन्तर विभागीय समन्वय को सुनिश्चित करते हुए योजना क्रियान्वित कराना।

3. ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न योजनाओं विशेषतः मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के संसाधनों के अभिसरण को सुनिश्चित कराना।

4. विकास खण्ड स्तर पर गाइडलाइन के अनुरूप ग्राम पंचायतों के निर्धारित क्लस्टर का सीमांकन करना।

5. ग्राम पंचायत स्तर पर संसाधन निर्माण सम्बन्धी गतिविधि तथा जीविका योजना के मध्य समन्वयन स्थापित करना।

6. आवश्यकता अनुरूप कार्यक्षेत्र से जुड़े मुद्दों को सम्बोधित करना, समस्या का निवारण और स्पष्ट प्रदान करना।

7. ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा उनकी स्पष्ट जिम्मेदारियाँ तय करना।

8. सभी संबंधितों का क्षमता निर्माण हेतु समन्वयन स्थापित करना।

9. राज्य/जनपद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए उपयोगी ग्राम पंचायतों के सभी सहायक आकड़ों (Secondary Data) की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

10. तकनीकी मूल्यांकन और परियोजनाओं के अनुमोदन के मध्य समय से समन्वयन सुनिश्चित करना।

11. ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया का विकास खण्ड स्तर से अनुश्रवण व मूल्यांकन करना।

12. ग्राम पंचायत विकास योजना के क्रियान्वयन का अनुश्रवण करना।

13. ग्राम पंचायत विकास योजना की स्थिति, उससे जुड़े मुद्दे तथा नवीनतम प्रगति को जनपद स्तरीय समिति को रिपोर्ट और सुझाव प्रस्तुत करना।

संख्या: 661/33-3-2016-10 जी.आई./2015

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
पंचायती राज, उ0प्र0।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 14 मार्च, 2015

विषय-ग्राम पंचायत विकास योजना में विकास खण्ड स्तर पर क्रियान्वयन संबंधी निर्देशों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-625/33-3-2016-10 जी.आई./2015 दिनांक 09.03.2016 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकास खण्ड स्तर पर योजना के नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.) की अध्यक्षता में 'विकास खण्ड स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति' का गठन किया गया है। समिति के सदस्यों में क्रमांक-9 पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सदस्य सचिव नामित किया जाना था जो त्रुटिवश उक्त शासनादेश दिनांक 09.03.2016 में छूट गया था। अतः खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.) की अध्यक्षता में विकास खण्ड स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति के गठन संबंधी उक्त शासनादेश दिनांक 09.03.2016 के क्रमांक-9 पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सदस्य सचिव नामित किया जाता है।

उक्त शासनादेश संख्या-625/33-3-2016-10 जी.आई./2015 दिनांक 09.03.2016 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाए। उक्त शासनादेश की शेष शर्तें एवं प्रतिबंध यथावत रहेंगे। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

पंचायती राज अनुभाग-3 /1/2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्री एस.एम. विजयानन्द, सचिव भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन।
5. प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0शासन।
6. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0शासन।
7. प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

9.प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0शासन।
10.प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, उ0प्र0।
11.प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ0प्र0 शासन।
12.प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 शासन।
13.प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
14.प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
15.महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ।
16.राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ0प्र0।
17.निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
18.समस्त मंडलायुक्त, उ0प्र0।
19.समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
20.समस्त मंडलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0।
23. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0।
24. समस्त, सहायक विकास अधिकारी (पं0), उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव।

9.प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0शासन।
10.प्रमुख सचिव, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, उ0प्र0।
11.प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उ0प्र0 शासन।
12.प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 शासन।
13.प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
14.प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
15.महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ।
16.राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0।
17.निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
18.समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
19.समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
20.समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), उ0प्र0।
23.समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0।
24.समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0), उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव।

विभागवार दायित्व एवं समय–सीमा संलग्नक–5

क्र.	कार्य	समय–सीमा	दायित्व
राज्य:			
1	राज्य स्तर पर गठित समिति की बैठक/राज्य स्तरीय कार्यशाला के माध्यम सर्वप्रथम समस्त लाइन डिपार्टमेंट का उन्मुखीकरण	22–25 सितम्बर, 2023 के मध्य	पंचायती राज विभाग
2	राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों के पी.डी.आई. नोडल अधिकारी नामित किया जाना।	22–25 सितम्बर, 2023 के मध्य	समस्त राज्यस्तरीय नोडल विभाग
3	विभागवार इंडीकेटर की मैपिंग का कार्य।	22–25 सितम्बर, 2023 के मध्य	समस्त राज्यस्तरीय नोडल विभाग
4	लाइन डिपार्टमेंट द्वारा विभगीय निर्देश निर्गत किया जाना।	30 सितम्बर, 2023 तक	समस्त राज्यस्तरीय नोडल विभाग
5	जनपद/विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त हितग्राहियों का प्रशिक्षण।	15 अक्तूबर, 2023 तक	पंचायती राज विभाग
6	पी.डी.आई. पोर्टल पर अंकित किए गए डाटा का राज्य स्तर सत्यापन का कार्य एवं फ्रीजिंग का कार्य। (राज्य स्तर पर नियोजन विभाग डाटा सत्यापन हेतु उत्तरदायी एवं पंचायती राज डाटा फ्रीजिंग हेतु उत्तरदायी विभाग होगा)	31 अक्तूबर, 2023 तक	पंचायती राज विभाग एवं नियोजन विभाग
7	जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार सम्बन्धी गतिविधियॉ।	आवश्यकतानुसार	पंचायती राज विभाग
जनपद:			
1	जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन।	5 अक्तूबर, 2023 तक	समिति पदाधिकारियों द्वारा
2	विभिन्न विभागों द्वारा जनपद एवं खण्ड स्तरीय पी.डी.आई. नोडल अधिकारी नामित कर विभागीय निर्देश दिया जाना।	5 अक्तूबर, 2023 तक	समस्त जनपद स्तरीय नोडल विभाग
3	जनपद/विकासखण्ड स्तर पर कार्यशाला/ उन्मुखीकरण प्रशिक्षण व मीडिया कवरेज।	10 अक्तूबर, 2023 तक	पंचायती राज विभाग एवं जनपद स्तरीय समिति
4	विकासखण्ड स्तर से प्राप्त डाटा का सत्यापन	25 अक्तूबर,	जनपद स्तर पर

क्र.	कार्य	समय–सीमा	दायित्व
	एवं फ्रीजिंग का कार्य।	2023 तक	अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा डाटा सत्यापन एवं मुख्य विकास अधिकारी के अनुमोदन के पश्चात् फ्रीजिंग।
विकासखण्ड:			
1	खण्ड स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन।	5 अक्तूबर, 2023 तक	समिति पदाधिकारियों द्वारा
2	विभिन्न विभागों द्वारा पी.डी.आई. नोडल अधिकारी नामित कर विभागीय निर्देश दिया जाना।	5 अक्तूबर, 2023 तक	समस्त खण्ड स्तरीय नोडल विभाग
3	फैसीलिटेटर के चयन में सहयोग एवं अनुश्रवण।	10 अक्तूबर, 2023 तक	खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी(पं0)
4	विकासखण्ड की पंचायतों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण व मीडिया कवरेज।	10 अक्तूबर, 2023 तक	पंचायती राज विभाग एवं विकास खण्डस्तरीय समिति
5	ग्राम पंचायत से प्राप्त डाटा का सत्यापन एवं फ्रीजिंग का कार्य।	20 अक्तूबर, 2023 तक	खण्ड विकास अधिकारी द्वारा डाटा सत्यापन फ्रीजिंग।